दिनांक 02.03.2023 **स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई**

सड़क डामरीकरण कार्य का महापौर नीरज पाल ने लिया जायजा, भिलाई की सड़के हो रही दुरूस्त, आवागमन हो रहा आसान

भिलाईनगर/ आज महापौर नीरज पाल ने सड़क डामरीकरण कार्य का निरीक्षण अधिकारियों के साथ किया। उन्होने नेहरू नगर से सुर्या माॅल तक होने वाले सड़क डामरीकरण कार्य का जायजा लिया। भिलाई की शहर सरकार के चलते प्रमुख सड़कों का डामरीकरण, संधारण, पेंचवर्क आदि के माध्यम से सड़कों को सुगम बनाने का कार्य किया जा रहा है। इसी के तहत नेशनल हाईवे से नेहरू नगर होते हुए सुर्या माॅल चौक की सड़क का भी कायाकल्प किया जा रहा है। गौरतलब है कि हाल ही में कुछ दिन पूर्व महापौर ने भूमि पूजन कर इस कार्य को प्रारंभ कराया था। जिसके कार्य का प्रोसेस आज महापौर ने देखा और उन्होने अधिकारियों को गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिये। इस दौरान अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी , वार्ड क्रं. 03 के पार्षद हरिओम तिवारी, कार्यपालन अभियंता संजय शर्मा तथा स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेन्द्र मिश्रा , महापौर के निज सचिव वसीम खान व उपअभियंता अर्पित बंजारे आदि मौजुद रहे। नेहरू नगर चौक से लेकर सुर्या माॅल तक 02 फेस में सड़क का काम किया जा रहा है। सड़क के दोनो ओर डामरीकरण का कार्य हो रहा है। उल्लेखनीय है कि नेहरू नगर से सुर्या माॅल जाने वाली सड़कों पर प्रतिदिन हजारो वाहन गुजरते है। सड़क डामरीकरण हो जाने से आवागमन सुगम होगा, बरसात के दिनों में होने वाली परेशानियों से निजात मिल जायेगा, वही बेतरतीब गढढो से राहगीरों को राहत मिलेगी। काफी दिनो से इस सड़क को ठीक करने की मांग की जा रही थी। जिसे देखते हुए महापौर नीरज पाल की पहल पर इस प्रमुख सड़क का डामरीकरण किया जा रहा है।